Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to run train no. 12981/82 (Jaipur-Asarwa) and provide stoppage of Trains at Railway station in Bhilwara Parliamentary Constituency.- Laid.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा (राजस्थान) में रेलवे से सम्बन्धित कुछ मांगो की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । गाड़ी नं. 12981/12982 जो जयपुर से आसर्वा वाया भीलवाड़ा चलना प्रस्तावित थी, जिसको 1 नवम्बर 2022 से प्रारम्भ करने के निर्देश रेल मंत्रालय ने जारी किये थे, परन्तु उक्त ट्रेन चालू नही हो सकी । इसके पश्चात् रेल मंत्रालय ने 30 अक्टूबर, 2022 को तकनीकी कारणों का हवाला देकर इस ट्रेन को निरस्त कर दिया । उक्त ट्रेन की महती आवश्यकता है । अतः जयपुर से आसर्वा वाया भीलवाड़ा उक्त ट्रेन को चालू करने के आदेश प्रदान करने की कृपा करायें । साथ ही मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा राजस्थान में कुछ स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव नही हो रहा है एवं ठहराव हेतु मैं लगातार मांग भी कर रहा हूँ । ट्रेन नं. 14801/14802 इन्दौर-जोधपुर एक्सप्रेस इन्दौर से जोधपुर चलती है । इस ट्रेन का ठहराव हमीरगढ़ व रायला स्टेशन पर करना आवश्यक है एवं उदयपुर-हरिद्वार का ठहराव हमीरगढ स्टेशन पर आवश्यक है । इसी प्रकार हल्दीघाटी पेसेन्जर ट्रेन (ट्रेन सं. 05911/05912) का ठहराव भी श्यामपुरा व उपरमाल स्टेशन पर नहीं है क्योकि इस ट्रेन को एक्सप्रेस कर दिया है (19817- 19818) । कृपया इस एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव उपरोक्त दोनों स्टेशनों पर पूर्व की भांति कराया जाए ।